अमर उजाला 15/05/2023

# इग्नू से पूरे हो रहे छात्रों के सपने

संवाद न्यूज एजेंसी

**अंबाला।** जीएमएन कॉलेज में इंदिरा गांधी ओपन यूनिवर्सिटी के तत्वावधान में इग्नू छात्रों के लिए एक प्रेरणा बैठक का आयोजन किया गया। जीएमएन कॉलेज प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त ने मुख्यातिथि सहायक क्षेत्रीय निदेशक चंडीगढ़ डॉ. नरुल हसन का स्वागत किया।

उन्होंने वक्तव्य में कहा कि इग्नू विद्यालय शिक्षा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। जो विद्यार्थी किसी कारण अपनी पढ़ाई पूरी नहीं कर सके, वह सभी इस सेंटर के माध्यम से पढ़ाई पूरी कर सकते हैं।

उन्होंने बताया कि फरवरी 2016 में इग्नू सेंटर का प्रारंभ किया गया था। कॉलेज के अथक प्रयासों से कॉलेज में इग्नू सेंटर को आगे बढ़ाया जाएगा और इसमें नए कोर्स शुरू किए जाएंगे। बैठक में प्रो. कमलेश कुमारी, प्रो. सज्जन सिंह, श्याम रहेजा, संजीव कुमार, जय चंद सहित अन्य उपस्थित रहे।